## दिनांक 19.10.2023 को मा0 जिलाधिकारी महोदय जनपद ललितपुर की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

मा0 जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कलैक्ट्रेट सभागार में दिनांक 19.10.2023 को गई। बैठक में अधोहस्ताक्षरी के साथ-साथ निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे-

01 अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, ललितपुर।
02 अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
03 अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग ललितपुर।
04 अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, ललितपुर।
05 प्रतिनिधि वन विभाग ललितपुर।
06 श्री आर0सी0 गुप्ता, टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
07 श्री नितिन नागवंशी, डिप्टी टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
08 श्री धीरज कुमार SWSM इलेक्ट्रीकल मैकेनिकल इंजीनियर, ललितपुर।
09 श्री सुभाष विश्नोई, प्रोजेक्ट मैनेजर, डारा ललितपुर।
10 श्री तपन बेरा, प्रोजेक्ट मैनेजर, जे0एम0सी0 ललितपुर।
11 श्री रघुश्याम, जी0एम0, सुधाकरा, ललितपुर।
12 श्री आकिब खांन, इंजीनियर, ब्रिज बानको ललितपुर।
13 श्री संजीव शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, बानको गंगा ललितपुर।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित कुल 15 योजनाओं के कार्यों से सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को निम्न निर्देश दिये गये-

01 भौरट बांध को 355 मी0 लेवल तक भरने के लिए सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया एवं वन विभाग और सिंचाई विभाग को संयुक्त रूप से 54 हेक्टेयर भूमि का सर्वे का कार्य पूर्ण करने एवं वन विभाग को हस्तान्तरित करने के लिए निर्देशित किया गया जिससे कि जल जीवन मिशन की बिल्ला मौगान की ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत ग्रामों में जल आपूर्ति निरन्तर की जा सके।

02 विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि एन0ओ0सी0 प्राप्त रेलवे एवं NHAI से संबंधित कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करें, जिससे कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं को विद्युत कनेक्शन दिया जा सके एवं योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में जल आपूर्ति की जा सके। अभी तक विद्युत विभाग द्वारा मात्र 26 कनेक्शन स्वतंत्र ऊर्जाकृत किये गये है एवं 25 टेपिंग के द्वारा किये गये है। जबकि विद्युत विभाग द्वारा 36 कनेक्शन स्वतंत्र ऊर्जाकृत किये गये सूचित किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल निगम एवं विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि संयुक्त बैठक करके स्वतंत्र ऊर्जाकृत किये गये कनेक्शन कि पुष्टि करें। कनेक्शन किये गये योजनाओं में भी वोल्टेज कम होने के कारण जल आपूर्ति नही हो पाती हैं। इस सम्बंध में विद्युत विभाग को महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त वोल्टेज की इलेक्ट्रिक सप्लाई सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा शिकायत किया गया कि बहुत दिनों से इलेक्ट्रिक सप्लाई नहीं हो रही है जिसके कारण योजनाओं से संबंधित ग्रामों में जल आपूर्ति करने में बाधा उत्पन्न हो रही है।



Scanned with OKEN Scanner

03 उच्च माध्यमिक विद्यालय चकौरा (कम्पोजिट) ब्लॉक बार जनपद ललितपुर को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में विकसित किये जाने हेतु जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत सभी कार्यदायी संस्थाओं को सी०एस०आर० फण्ड के अन्तर्गत शीघ्र कार्य शुरू करने हेतु निर्देशित किया गया।

04 अधिशासी निर्देशक महोदय SWSM के पंत्राक–1137 दिनांक 26.05.2023 के सन्दर्भ में सभी कार्यदायी संस्थाओं को सी०एस०आर० फण्ड के अन्तर्गत "सचल जल समाधान वैन **(Van)"** (वाटर एम्बुलेन्स) शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(अक्षय त्रिपाठी)
जिलाधिकारी
ललितपुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी ललितपुर।

पत्रांक– 2853/W-15/148 दिनांक 27-10–2023

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

01 अधिशासी निदेशक SWSM लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
02 अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ललितपुर।
03 अधीक्षण अभियन्ता, वि०वि०म०लि०, ललितपुर।
04 अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
05 अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय (वि०/यॉ०) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) झांसी।
06 अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (प्रथम), द०वि०वि०नि०लि, ललितपुर।
07 अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (द्वितीय), द०वि०वि०नि०लि, ललितपुर।
08 अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, ललितपुर।
09 प्रभागीय वन अधिकारी, वन विभाग, ललितपुर।
10 टीम लीडर थीम–पी.एम.सी. ललितपुर।
11 श्री धीरज कुमार SWSM इलेक्ट्रीकल मैकेनिकल इंजीनियर, ललितपुर।
12 समस्त कार्यदायी संस्था जल जीवन मिशन ललितपुर।

जिलाधिकारी
ललितपुर।

Scanned with OKEN Scanner